## खबर संक्षेप

### खदानों को असुरक्षित छोड़ने पर खैर नहीं, मैहर कलेक्टर ने जारी किए कड़े प्रतिबंध आदेश

**मैहर।** जिले में अब खनिज पट्टाधारियों द्वारा स्वीकृत खदानों से खनिज निकालने के बाद उन्हें खुला और असुरक्षित छोड़ना भारी पड़ेगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने इसे गंभीरता से लेते हुए पूरे जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिए हैं। इसके तहत सभी पट्टाधारियों को क्लोजर प्रोटोकॉल का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।

### मैहर के देवीजी यात्री निवास क्षेत्र में चला स्वच्छता अभियान, सुनी गईं जनसमस्याएं



**मैहर।** स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ मैहर के निर्माण के संकल्प के साथ नगर पालिका द्वारा निरंतर स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज मैहर के देवीजी यात्री निवास क्रमांक 01 क्षेत्र में एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत क्षेत्र की नालियों और सार्वजनिक स्थानों की सघन साफ-सफाई करवाई गई।

### स्मार्ट मीटर रहित और संदिग्ध खपत वाले उपभोक्ताओं की होगी विशेष जांच, तकनीकी टीमें गठित

**सतना।** बिजली चोरी पर अंकुश लगाने और राजस्व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने कमर कस ली है। कार्यपालन अभियंता मृगेंद्र सिंह चंदेल की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश जारी किए गए कि जिन उपभोक्ताओं के परिसर में अभी तक स्मार्ट मीटर नहीं लगे हैं और स्वीकृत लोड की तुलना में उनकी बिजली खपत संदिग्ध रूप से बेहद कम है,उनकी सघन जांच की जाएगी। इसके लिए विशेष तकनीकी टीमों का गठन किया गया है,जो फील्ड में जाकर ऐसे उपभोक्ताओं के परिसरों का भौतिक सत्यापन (फिजिकल वेरिफिकेशन) करेंगी। इसके अतिरिक्त,जिन उपभोक्ताओं के मीटर परिसर के अंदर लगे हैं,उनकी भी अनिवार्य रूप से जांच होगी। हाल ही में हुई चेकिंग के दौरान नॉन-स्मार्ट मीटरों में छेड़छाड़ के गंभीर मामले सामने आए हैं,जिन पर वैधानिक प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इसी के मद्देनजर फील्ड अधिकारियों को सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।बैठक में सहायक अभियंता अवनीश पाण्डेय,रामविनीत तिवारी,पूनम गुप्ता,कनिष्ठ अभियंता राहुल मिश्रा,अजय दुबे,इशरार मोहम्मद, अटल कुमार मिश्रा और प्रोग्रामर आशुतोष गुप्ता सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाजपा के 'बेमिसाल' कार्यक्रम में मंच पर हंगामा, पूर्व मंत्री के भाई पर मारपीट का आरोप

**मैहर।** जिले की अमरपाटन विधानसभा के ताला मंडल में शुक्रवार देर शाम आयोजित भाजपा सरकार के 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम के दौरान मंच पर ही भारी बवाल हो गया। कार्यक्रम के बीच कथित तौर पर पूर्व राज्यमंत्री के छोटे भाई विजय पटेल और भाजपा मंडल महामंत्री मनीष चतुर्वेदी के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। ताला मंडल के महामंत्री मनीष चतुर्वेदी ने ताला थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि जब वह मंच संचालन कर रहे थे,तभी विजय पटेल ने उनके हाथ से माइक छीन लिया,उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मनीष चतुर्वेदी का कहना है कि उन्हें कान सहित शरीर के अन्य हिस्सों में अंदरूनी चोटें आई हैं। विवाद की वजह मंच पर तत्काल बोलने का अवसर न मिलना माना जा रहा है। घटना के समय सांसद गणेश सिंह और पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल समेत कई वरिष्ठ नेता मंच पर मौजूद थे।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है,फिलहाल आरोपी का फोन बंद है।

---

परसमनिया गढ़ी और पेट्रोल पंप के संचालन को लेकर सालों से चल रहा विवाद

# नागौद राजघराने की परसमनिया गढ़ी में खूनी संघर्षः बाबा राजा से मारपीट पर काउंटर मामला दर्ज





### घटना की 48 घंटे बाद दो वीडियो आए सामने

**सतना।** नागौद राजघराने की परसमनिया गढ़ी में गुरुवार को हुए बहुचर्चित गोलीकांड के बाद मामला और उलझ गया है। गोली चलने की घटना के बाद अब दूसरे पक्ष ने भी उचेहरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है,जिसके आधार पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ काउंटर एफ आई आर दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी सतीश मिश्रा के मुताबिक,रुपेंद्र सिंह उर्फ बाबा राजा की शिकायत पर उनके साले नागेंद्र सिंह राठौर सहित दो अन्य लोगों के खिलाफ गाली-गलौज,धमकी और मारपीट के आरोपों में भारतीय न्याय संहिता की धारा 294,115 और 351 के तहत मामला दर्ज किया गया है। शनिवार को बाबा राजा का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया,जिसकी रिपोर्ट जांच में शामिल कर ली गई है।

### कमरे का दरवाजा बंद कर सुनीता सिंह ने दागी थीं गोलियां

घटनाक्रम के अनुसार,गुरुवार दोपहर योगिता सिंह अपनी मां नरेंद्र कुमारी सिंह,पुत्र पृथुदेव सिंह और भाई नागेंद्र सिंह के साथ परसमनिया गढ़ी में अपना सामान लेने पहुंची थीं। आरोप है कि वहां पहुंचते ही दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई,जो देखते ही देखते विवाद और मारपीट में बदल गई। योगिता सिंह की मां नरेंद्र कुमारी सिंह ने आरोप लगाया है कि विवाद के दौरान सुनीता सिंह ने गाली-गलौज शुरू की और बाद में कमरे का दरवाजा बंद कर अपनी लाइसेंसी बंदूक से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। सुनीता सिंह ने .22 बोर की बंदूक से कई राउंड फायर किए,जिसमें से एक गोली योगिता सिंह के पेट में जा लगी।

### घायल योगिता सिंह की हालत अब स्थिर

गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुईं योगिता सिंह को पहले सतना और बाद में रीवा के विंध्य सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में रेफर किया गया। चिकित्सकों के अनुसार,ऑपरेशन के बाद उनकी हालत अब स्थिर है और वे खतरे से बाहर बताई जा रही हैं। इधर,गोलीकांड की मुख्य आरोपी सुनीता सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से .22 बोर की लाइसेंसी बंदूक,8 जिंदा कारतूस और घटनास्थल से 4 खाली खोखे बरामद किए गए हैं। शुक्रवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया,जहां से अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### 8 साल पुराना है संपत्ति का विवाद

राजघराने से जुड़े सूत्रों के मुताबिक,रुपेंद्र सिंह उर्फ बाबा राजा और उनकी पत्नी योगिता सिंह के बीच करीब आठ साल से पारिवारिक विवाद चल रहा है। इसी दौरान सुनीता सिंह का नाम भी विवादों में सामने आया। बताया जाता है कि संपत्ति, परसमनिया गढ़ी और पेट्रोल पंप के संचालन को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ था। जनवरी 2022 में कांतिदेव सिंह के निधन के बाद यह विवाद और बढ़ गया। इसके बाद योगिता सिंह और उनके बेटे को नागौद किले में शिफ्ट कराया गया था। करीब डेढ़ वर्ष पहले भी योगिता सिंह ने सुनीता सिंह के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया था।

### बाबा राजा की पिटाई, वीडियो वायरल

शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। इस वीडियो में घटना के बाद बाबा राजा के साथ जमकर मारपीट करते हुए कुछ लोग दिखाई दे रहे हैं। इसी वीडियो और बाबा राजा की शिकायत के आधार पर पुलिस ने साले नागेंद्र सिंह समेत तीन लोगों पर जवाबी मामला दर्ज किया है।

---

# नागौद में मजदूर से बर्बरता, बाल पकड़ कर घसीटा; एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस; आरोपी फरार

**सतना।** मध्य प्रदेश के सतना जिले के नागौद बस स्टैंड चौराहे पर एक बेहद ही अमानवीय और शर्मनाक घटना सामने आई है। यहाँ छत की मरम्मत कर रहे एक दलित मजदूर के साथ सरेराह मारपीट और अभद्र व्यवहार किया गया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से ही आरोपी फरार बताया जा रहा है।

### क्या है पूरा मामला?

जानकारी के अनुसार,शुक्रवार शाम नागौद बस स्टैंड के पास स्थित एक बुक सेंटर की दुकान के ऊपर छत की मरम्मत का काम चल रहा था।इसी दौरान वहाँ काम कर रहे मजदूर धीरेंद्र (धीरमु) चौधरी (पिता कमलेश चौधरी,निवासी सेमरवार) के साथ मनोज पुरवार नाम के व्यक्ति ने विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि विवाद के दौरान मनोज पुरवार ने अमानवीयता की सारी हदें पार करते हुए मजदूर के बाल पकड़े,उसे बेरहमी से घसीटा और जबरन घुटनों के बल बैठा दिया। इस बीच उसके साथ जमकर मारपीट भी की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक,घटना के वक्त मजदूर की पत्नी लगातार रोती-बिलखती रही और अपने पति को बचाने की गुहार लगाती रही,लेकिन काफी देर तक भीड़ में से कोई भी आगे नहीं आया। बाद में वहाँ मौजूद एक युवक ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया।

### मकान विवाद की वजह से पिसा मजदूर

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक,आरोपी मनोज पुरवार का आलोक सोनी नामक व्यक्ति के साथ लंबे समय से मकान को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवादित मकान में मरम्मत का कार्य कराया जा रहा था। आरोप है कि मनोज पुरवार मौके पर पहुँचा और उसने मजदूर धीरू चौधरी को काम बंद करने की हिदायत दी। जब मजदूर ने इसका विरोध किया,तो विवाद बढ़ गया और मकान मालिक के गुस्से का शिकार बेकसूर मजदूर हो गया। नागौद थाना प्रभारी अशोक पांडे ने बताया कि प्रारंभिक जाँच में मामला दो पक्षों के बीच लंबे समय से चल रहे संपत्ति विवाद से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। जिस पक्ष की ओर से मकान की मरम्मत कराई जा रही थी,तभी दूसरे पक्ष के पहुँचने पर विवाद बढ़ा और वहाँ काम कर रहा मजदूर इसकी चपेट में आ गया। पुलिस ने पीड़ित धीरू चौधरी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम (SC/ST Act) और मारपीट की अन्य सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस वायरल वीडियो,प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहन जाँच कर रही है। फरार आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीमें रवाना कर दी गई हैं।

---

# भाजपा के पूर्व पार्षद के घर में घुसकर बेटे पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला, हालत नाजुक

### बिरला कॉलोनी में रात 2 बजे की वारदात, खून से लथपथ मिला युवक, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**सतना। शहर के कोलगवां थाना अंतर्गत बिरला कॉलोनी में बीती रात उस वक्त सनसनी फैल गई, जब कुछ अज्ञात बदमाशों ने भाजपा के पूर्व पार्षद के घर में घुसकर उनके बेटे पर जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने युवक पर चाकुओं से ताबड़तोड़ कई वार किए और वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। हमले में गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।**



### कमरे में सो रहा था विशाल, तड़के पड़ोसियों ने देखा

मिली जानकारी के अनुसार,भाजपा के पूर्व पार्षद के.एल. यादव का बेटा विशाल यादव रात में अपने घर पर था। रात करीब 2 बजे अज्ञात हमलावर दीवार फांदकर या दरवाजे के रास्ते घर के भीतर दाखिल हुए। बदमाशों ने सोते हुए विशाल पर धारदार चाकुओं से हमला बोल दिया। विशाल के शरीर पर पेट और सीने के पास गहरे जख्म आए हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। सुबह जब पड़ोस के लोग मॉर्निंग वॉक के लिए बाहर निकले,तब उन्हें इस खौफनाक वारदात का पता चला। घर के भीतर विशाल लहूलुहान और अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। पड़ोसियों ने बिना वक्त गंवाए तुरंत इसकी सूचना कोलगवां थाना पुलिस को दी।

### जिला अस्पताल से निजी अस्पताल रेफर, हालत चिंताजनक

सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायल विशाल को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद विशाल की बिगड़ती हालत और अत्यधिक खून बह जाने के कारण डॉक्टरों ने उसे तुरंत शहर के एक निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक,अंदरूनी अंगों में चोट आने के कारण विशाल की स्थिति अभी भी बेहद चिंताजनक बनी हुई है और उसे वेंटिलेटर /आईसीयू में रखा गया है।

### जांच में जुटी पुलिस, खंगाले जा रहे CCTV

घटना के बाद इलाके में भारी तनाव और दहशत का माहौल है। पूर्व पार्षद के घर हुई इस दुस्साहसिक वारदात ने कानून-व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। कोलगवां थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के लगे सीसीटीवी (CCTV) कैमरों के फुटेज खंगाल रही है और पुरानी रंजिश सहित तमाम पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

---

# मैहर यातायात पुलिस ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान, नियमों का उल्लंघन पर कार्रवाई



**मैहर।** सड़क हादसों की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से मैहर की यातायात पुलिस एक्शन मोड में नजर आ रही है। यातायात पुलिस द्वारा आज सड़क सुरक्षा को लेकर एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और आम जनता के बीच यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देना था। अभियान के दौरान मोटर व्हीकल एक्ट (एमवीए) के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले लापरवाह वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई की गई और मौके पर ही कई वाहनों के चालान काटे गए। यातायात पुलिस ने इस अभियान के माध्यम से नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। साथ ही पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे अपनी और दूसरों की यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए अनिवार्य रूप से यातायात नियमों का पालन करें।

---

# मझगवाँ शासकीय महाविद्यालय में पेयजल संकटः मटकी का बदबूदार पानी पीने को मजबूर छात्र



### भीषण गर्मी में प्रशासन बेपरवाह; दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थियों को हो रही भारी परेशानी

**सतना।** स्थानीय शासकीय महाविद्यालय में बुनियादी सुविधाओं का बुरा हाल है। यहाँ अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्वच्छ पेयजल तक नसीब नहीं हो पा रहा है,जिसके कारण उन्हें इस भीषण गर्मी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कॉलेज प्रशासन की इस घोर लापरवाही का खामियाजा छात्रों को अपनी सेहत दांव पर लगाकर भुगतना पड़ रहा है।

**बोरिंग से आ रहा बदबूदार पानी,मटकों के भरोसे**

मिली जानकारी के अनुसार,महाविद्यालय में पीने के पानी की कोई आधुनिक या मुकम्मल व्यवस्था नहीं है। परिसर में स्थित बोरिंग के पानी को मटकों में भरकर रख दिया जाता है। छात्रों का आरोप है कि इस पानी से लगातार बदबू आती है,लेकिन कोई अन्य विकल्प न होने के कारण उन्हें मजबूरी में यही दूषित पानी पीना पड़ रहा है।

### दूर-दराज से आने वाले छात्रों की बढ़ी मुसीबतें

महाविद्यालय में ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि इस तपती गर्मी में कॉलेज आने के बाद उन्हें सबसे पहले ठंडे और साफ पानी की दरकार होती है। कॉलेज परिसर में वाटर कूलर या वाटर प्यूरीफायर (RO) जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं ठप हैं। बदबूदार पानी पीने से कई छात्रों को पेट दर्द और संक्रमण जैसी बीमारियों का खतरा सता रहा है। छात्रों की मांग है कि हम दूर से पढ़ने आते हैं,लेकिन यहाँ पीने के साफ पानी जैसी मूलभूत सुविधा भी नहीं है। प्रशासन को तुरंत इस मामले को संज्ञान में लेकर वॉटर कूलर लगवाना चाहिए। ग्रामीण अंचल के इस एकमात्र प्रमुख महाविद्यालय में ऐसी अव्यवस्था जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

---

# जनता की शिकायत से बिफरे चित्रकूट विधायकः जन समस्या निवारण शिविर के बाद अपने ही ड्राइवर को जड़ा थप्पड़, वीडियो वायरल

### बिजली कटौती की शिकायत सुन आपा खो बैठे भाजपा विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, सोशल मीडिया पर किरकिरी

**सतना। अपने तल्ख मिजाज और अनूठे स्वभाव को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहने वाले चित्रकूट के भाजपा विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार एक बार फिर विवादों में हैं। इस बार मामला बेहद गंभीर है,जहां विधायक जी ने सरेआम अपने ही ड्राइवर पर हाथ छोड़ दिया। इस पूरी घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है,जिसके बाद विधायक की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।**



### क्या है पूरा मामला?

मिली जानकारी के अनुसार,चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एक 'जन समस्या निवारण शिविर' का आयोजन किया गया था। इस शिविर में क्षेत्र के तमाम नागरिक अपनी मूलभूत समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। इसी दौरान वहां मौजूद आम लोगों ने क्षेत्र में हो रही भारी बिजली कटौती को लेकर विधायक जी के सामने अपनी शिकायतें रखनी शुरू कर दीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक,जनता के तीखे सवालों और बिजली कटौती की शिकायत से विधायक जी असहज हो गए।वे बीच में ही शिविर छोड़कर जाने लगे।जब वे वापस अपनी गाड़ी में बैठ रहे थे,तभी किसी बात पर वे इस कदर बिफर गए कि उन्होंने अपने ही ड्राइवर को सरेआम एक जोरदार थप्पड़ रसीद कर दिया।

### कैमरे में कैद हुई बदसलूकी

वहां मौजूद किसी शख्स ने इस पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया,जो अब सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि जनसमस्याओं से घिरे विधायक जी किस तरह अपना आपा खोकर ड्राइवर पर हाथ उठा रहे हैं।

### उसी जनता का अपमान

स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है। शिविर में अपनी व्यथा सुनाने पहुंचे नागरिकों का कहना है कि वे अपनी जायज समस्याएं (जैसे बिजली संकट) लेकर आए थे। जिन मतदाताओं के वोटों के दम पर विधायक जी विधानसभा पहुंचे हैं,उनकी बात सुनने के बजाय इस तरह का आक्रामक और अमर्यादित रवैया अपनाना बेहद निंदनीय है। फिलहाल,इस वायरल वीडियो ने राजनीतिक गलियारों में भी गरमाहट ला दी है और विपक्ष को भी बैठे-बिठाए सरकार व स्थानीय विधायक को घेरने का एक बड़ा मुद्दा मिल गया है। इस पूरे मामले पर अभी तक विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार की ओर से कोई आधिकारिक सफाई सामने नहीं आई है।

## खबर संक्षेप

### जमीन के बंटवारे को लेकर भतीजे ने चचेरे भाई पर किया हमला, मामला दर्ज

**अमानगंज।** थाना अमानगंज क्षेत्र के ग्राम मडैयन पायक में जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मडैयन पायक निवासी रोहित सिंह (30) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका अपने पिता रघुबीर सिंह के साथ जमीन संबंधी विवाद चल रहा है। 12 जून की दोपहर करीब 1 बजे वह अपने हिस्से की जमीन अपने नाम कराने की बात पिता से कर रहा था। इसी दौरान उसके चाचा मुलायम सिंह का पुत्र प्रेम सिंह वहां पहुंच गया और जमीन नहीं मिलने की बात कहते हुए विवाद करने लगा। शिकायत के अनुसार विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी और मना करने पर पास में पड़ा डंडा उठाकर हमला कर दिया, जिससे रोहित सिंह के दाहिने हाथ में चोट आई। शोर सुनकर उसकी पत्नी भारती सिंह सहित अन्य परिजन मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कराया। आरोप है कि जाते समय आरोपी ने दोबारा जमीन की मांग करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### अमानगंज वार्ड नंबर 3 में जनकल्याण शिविर में सुनी गईं नागरिकों की समस्याएं



**अमानगंज।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 से 21 जून तक चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को वार्ड क्रमांक-3 स्थित सामुदायिक भवन में नगर परिषद अमानगंज द्वारा जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर परिषद अध्यक्ष सारिका शारदा खटीक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि कपूर गढ़पाले, नायब तहसीलदार व्रत सोनवानी एवं पार्षद राजू चौबे उपस्थित रहे। इस दौरान नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने आमजन से संवाद कर विभिन्न शिकायतों एवं आवेदनों का मौके पर समाधान किया।

### शाहनगर के वरिष्ठ शिक्षक बद्री प्रसाद दुबे का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**शाहनगर।** शाहनगर मुख्यालय के हरदौल चौक निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक श्री बद्री प्रसाद दुबे जी का अचानक 13 जून 2026 को निधन हो गया। श्री दुबे के निधन की खबर सुनते ही मुख्यालय शाहनगर सहित पूरे अंचल में शोक की लहर दौड़ गई। श्री दुबे शाहनगर के पत्रकार जितेन्द्र दुबे के पूज्य बब्बा थे। वह अपने पीछे दो पुत्रों और चार पुत्रियों सहित 40 सदस्यों का भरा-पूरा परिवार छोड़कर स्वर्ग सिधार गए। इस दुखद घड़ी में स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उनके निवास स्थान पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

### वरिष्ठ अधिवक्ता कांग्रेस नेता सुशील खरे का निधन



**पन्ना।** जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता तथा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सुशील खरे एडवोकेट का लंबी बीमारी के बाद दुखद निधन हो गया है श्री खरे हंसमुख मिलनसार बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। जो दूसरों को हमेशा हंसने हंसाने के लिए भी जाने जाते थे । वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे बीते दिवस इलाज के दौरान उनका दुखद निधन हो गया है उनके निधन की खबर सुनते ही पन्ना नगर में शोक की लहर दौड़ गई श्री खरे के निधन पर जिले के अधिवक्ताओं जनप्रतिनिधियों साहित्यकारों पत्रकारों कांग्रेस पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं ने गहन दुख व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उनके परिवार को यह वज्र पात सहन करने की शक्ति देने की कामना की है।

## पवई में तीन दिवसीय खंड स्तरीय लोक कल्याण शिविर आयोजित

# दो स्व-सहायता समूहों को मिला 6 लाख रुपए का ऋण

मध्यप्रदेश शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय खंड स्तरीय लोक कल्याण शिविर के अंतर्गत शनिवार को नवीन ग्रामीण आजीविका भवन पवई में शिविर का आयोजन किया गया।






**पवई।**

शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित आवेदनों, शिकायतों एवं लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया।शासन केनिर्देशानुसार 12 जून से 14 जून तक आयोजित इस विशेष अभियान के तहत पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान करने के साथ-साथ उनकी समस्याओं के समाधान पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम मे उपस्तिथ श्रीमती मोहिनी आनंद मिश्रा जनपद अध्यक्ष पवई ने शिविर मे अपने सम्बोधन मे कहा कि लोक कल्याण शिविर का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। शिविर के माध्यम से आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है तथा पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।शिविर के दौरान चौमुखनाथ स्व-सहायता समूह, चौमुखा एवं कालका स्व-सहायता समूह को स्वरोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 3-3 लाख रुपए का ऋण स्वीकृत किया गया।इसके अलावा विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों की सुनवाई की गई तथा सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी से जुड़े लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया गयाअधिकारियों ने हितग्राहियों को शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में जनपद पंचायत पवई की अध्यक्ष श्रीमती मोहिनी आनंद मिश्रा, जनपद सदस्य कमलेश तिवारी, जनपद सदस्य दयाशंकर लोधी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अखिलेश उपाध्याय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी , पत्रकार एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

## कुदरा तलैया में मुरम माफियाओं का खेल बेखौफ, ग्रामीणों ने वीडियो जारी कर खोली पोल

**झरकुंआ पंचायत में अवैध उत्खनन का वीडियो वायरल, मशीनों से निकाली जा रही मुरम**

**कुदरा तलैया में अवैध उत्खनन का खेल जारी, ग्रामीणों ने साझा किया वीडियो**



**गुनौर।**

जनपद पंचायत गुनौर की ग्राम पंचायत झरकुंआ अंतर्गत कुदरा तलैया में अवैध मुरम उत्खनन का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि मशीनों और ट्रैक्टरों के माध्यम से लगातार मुरम निकाली जा रही है, जबकि जिम्मेदार विभाग कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा शनिवार शाम करीब 4 बजे पूरे मामले का वीडियो साझा किया गया, जिसमें तलैया क्षेत्र से मुरम का उत्खनन और परिवहन होता दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस अवैध गतिविधि से शासन को राजस्व हानि हो रही है तथा पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि स्थानीय स्तर पर संरक्षण मिलने के कारण उत्खनन का कार्य बेखौफ जारी है। ग्रामीणों ने राजस्व, खनिज एवं पंचायत विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## अवैध लकड़ी भंडारण पर वन विभाग की कार्रवाई, 5 घन मीटर लकड़ी जब्त

**पन्ना।**



दक्षिण पन्ना वनमंडल के अंतर्गत वन परिक्षेत्र शहनगर में वन विभाग द्वारा अवैध वनोपज के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए डुंगरगांव (कचौरी मोड़) स्थित कविता फर्नीचर मार्ट का औचक निरीक्षण किया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री राजुल कटारे के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान में अवैध रूप से संग्रहित इमारती लकड़ी (टिम्बर) का भंडारण पाया गया। जांच उपरांत कुल लगभग 5 घन मीटर लकड़ी जब्त की गई। प्रकरण में वन विभाग द्वारा जब्ती की कार्रवाई करते हुए वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है तथा उपलब्ध तथ्यों के आधार पर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कार्यवाही के दौरान वन परिक्षेत्र सहायक शाहनगर श्री रामसरोवन पांडे, बीट गार्ड सुगरहा श्री राघवेंद्र पांडे, बीट गार्ड शाहनगर श्री ओमप्रकाश द्विवेदी, बीट गार्ड कुनिया श्री रजनीश दुबे, बीट गार्ड लमतरा श्री अक्षत त्यागी उपस्थित रहे। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन उपज का अवैध भंडारण, परिवहन अथवा व्यापार किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने आमजन से अपील की है कि वन उपज संबंधी सभी गतिविधियां वैध अभिलेखों एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप संचालित करें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध अथवा अवैध गतिविधि की जानकारी तत्काल वन विभाग को उपलब्ध कराएं।

# श्री ठाकुर बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 (सीजन-2) का ऐतिहासिक एवं भव्य समापन




**पन्ना।**

ग्रामीण प्रतिभाओं को नई उड़ान देने और युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित 'अंडर-19 श्री ठाकुर बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 (सीजन-2)' का भव्य एवं ऐतिहासिक समापन 11 जून को ग्राम पंचायत खोरा के मजरा 'सरवंशी' में अत्यंत उत्साह, रोमांच और जनसमर्थन के साथ संपन्न हुआ। 'वीरांगना अवंती बाई लोधी क्रिकेट एसोसिएशन, अजयगढ़ (पन्ना)' द्वारा ष्खेलो एमपीष की तर्ज पर आयोजित इस प्रतियोगिता ने एक बार फिर साबित कर दिया कि ग्रामीण अंचलों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उचित मंच और अवसर की है। अजयगढ़ क्षेत्र की विभिन्न पंचायत स्तरीय टीमों की शानदार सहभागिता ने पूरे टूर्नामेंट को यादगार बना दिया। टूर्नामेंट का महामुकाबला 'ग्राम पंचायत नंदनपुर' एवं 'सरवंशी (खोरा)' की टीमों के बीच खेला गया। मैदान पर दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जीत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। हर गेंद के साथ मैच का रोमांच बढ़ता गया और दर्शकों की धड़कनें तेज होती रहीं। कभी पलड़ा सरवंशी के पक्ष में झुकता दिखाई दिया तो कभी नंदनपुर की टीम मुकाबले पर हावी नजर आई। अंततः रोमांच की चरम सीमा पर पहुंचे इस मुकाबले में 'नंदनपुर की टीम ने मात्र एक विकेट से शानदार जीत दर्ज कर अंडर-19 श्री ठाकुर बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया।' फाइनल मुकाबले की शोभा बढ़ाने हेतु 'खोरा-भदैया पंचायत के जनपद सदस्य लालाराम सिंह लोध' एवं ' शुभम सिंह राजपूत (समाजसेवी एवं पत्रकार)' मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए ग्रामीण खेल प्रतिभाओं की सराहना की। विशिष्ट अतिथि के रूप में 'लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन, जिला पन्ना' के जिलाध्यक्ष 'आदरणीय राजेश कुमार लोध' की उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। उनकी शानदार, ऊर्जावान एवं लाजवाब क्रिकेट कमेंट्री ने पूरे मैदान में जोश का संचार कर दिया। उनकी आवाज़ के साथ हर चौका, छक्का और विकेट दर्शकों के लिए यादगार बन गया। धरमपुर क्षेत्र एवं आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में पहुंचे क्रिकेट प्रेमियों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों का भरपूर उत्साहवर्धन किया। फाइनल मुकाबले के दौरान मैदान खचाखच भरा रहा और दर्शकों के जोश ने आयोजन को एक बड़े खेल महोत्सव का रूप दे दिया। ग्रामीण क्षेत्र में क्रिकेट के प्रति ऐसा उत्साह और जनसमर्थन इस टूर्नामेंट की लोकप्रियता एवं सफलता का प्रमाण है। इस सफल एवं भव्य आयोजन को साकार करने में जग प्रसाद सिंह लोध, दीनदयाल सिंह लोधी, बबलू सिंह राजपूत, राम किशोर सिंह राजपूत, लवकुश सिंह राजपूत, राजवीर सिंह, राम विकास सिंह लोधी, भोला, पुष्पराज सिंह, ओम प्रकाश सिंह एवं बच्चा' सहित समस्त सहयोगियों का योगदान अत्यंत सराहनीय एवं अविस्मरणीय रहा। फाइनल मुकाबले के समापन के उपरांत 'वीरांगना अवंती बाई लोधी क्रिकेट एसोसिएशन' द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को आकर्षक ट्रॉफी, सम्मान पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों के चेहरों पर जीत की खुशी और खेल भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में वीरांगना अवंती बाई लोधी क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा उपस्थित सभी क्रिकेट प्रेमियों, खिलाड़ियों, गणमान्य अतिथियों, सहयोगियों एवं क्षेत्रवासियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया गया। 'यह टूर्नामेंट केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि ग्रामीण प्रतिभाओं को पहचान दिलाने, युवाओं को सकारात्मक दिशा देने और क्षेत्र में खेल संस्कृति को मजबूत करने का एक प्रेरणादायी अभियान बन चुका है।



## बालू से भरे ट्रेक्टर ने राहगीर को मारी टक्कर, 45 वर्षीय युवक की मौके पर हुई मौत, ट्रेक्टर चालक मौके से फरार

**परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**

**धर्मपुर थाना क्षेत्र के ग्राम छतैनी निवासी रज्जू प्रसाद सेन की सड़क दुर्घटना में मौके पर ही मौत**

**अजयगढ**

थाना क्षेत्र के ग्राम छतैनी निवासी रज्जू प्रसाद सेन की शुक्रवार, 12 जून 2026 की शाम लगभग 6 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रज्जू प्रसाद सेन अपने गांव छतैनी से पैदल सड़क किनारे होते हुए हीरापुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम हरदी टिकुरिहा की तरफ से आ रहे बालू से भरे एक कथित ओवरलोड ट्रैक्टर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रज्जू प्रसाद सेन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल देखा गया। मृतक अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में दो बेटियां हैं, जो विवाह योग्य हैं। अचानक हुए इस हादसे ने परिवार को गहरे आर्थिक और मानसिक संकट में डाल दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा दुर्घटना के लिए जिम्मेदार वाहन चालक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। जैसे ही थाना प्रभारी धरमपुर अनिल राजपूत को जानकारी लगी तुरंत मौके पर पहुंचकर शव को अजयगढ़ भेजा गया तथा शनिवार को पोस्टमार्डम करवाकर शव को परिजनों को सौंपकर पुलिस जांच में जुटी हुई है और दुर्घटना के संबंध में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## कब निकलेगी बेनी सागर तालाब के अंदर डाली सीवर लाइन सांसद ने भी दिए थे निर्देश

**पन्ना।**



वर्तमान समय में नगर के बीचों-बीच स्थित बेनी सागर तालाब का सोदरीय करण एवं गहरीकरण किया जा रहा है जिसमें अभी तक घाटों के अगल-बगल में रेलिंग बाउंड्री निर्माण का कार्य चल रहा है जबकि जून का आधा महीना हो चुका है कभी भी बारिश हो सकती है लेकिन कार्य सिर्फ 15ः ही हुआ है तालाब के अंदर गंदा पानी मल मूत्र निकालने के लिए पूर्व में सीवर लाइन डाली गई थी जिससे तालाब के अंदर गंदा पानी न पहुंचे लेकिन उक्त सीवर लाइन लीकेज हो गई थी तथा पूरा तालाब गंदा हो गया है जिसको निकालने के लिए भी तत्काल प्रयास होना चाहिए क्योंकि कभी भी बरसात हो सकती है सांसद बीडी शर्मा ने भी तालाब का निरीक्षण किया था तो तत्काल सीवर लाइन हटाए जाने के निर्देश दिए गए थे लेकिन नगर पालिका एवं ठेकेदार द्वारा अभी तक उक्त सीवर लाइन को नहीं हटाया गया है और ना ही गंदा पानी निकालने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है आगे देखना है उक्त कार्य कब तक होता है बेनी सागर तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्य करण के लिए डेढ़ करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है देखना है उक्त राशि में कितना कार्य होता है या फिर अन्य कार्यों की तरह भ्रष्टाचार की भेंट उक्त राशि चढ़ जाती है क्योंकि नगर पालिका द्वारा लगभग चार वर्ष में तीन सो से अधिक करोड़ के काम कराए गए लेकिन एक भी विकास कार्य गुणवत्ता एवं उच्च क्वालिटी का नहीं हुआ है सिर्फ भ्रष्टाचार किया गया है ।

# रेलवे के नाले में डूबी आसना कुशवाहा का शव बरामद, गांव में पसरा मातम

**देवेंद्रनगर।**



थाना के बड़ागांव क्षेत्र में रेलवे निर्माण कार्य के दौरान खोदे गए गहरे नाले में डूबने वाली बच्ची आसना कुशवाहा (पिता- प्रमोद कुशवाहा) का शव शनिवार सुबह लगभग 8 बजे बरामद कर लिया गया। शव मिलने के बाद परिजनों सहित पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। जानकारी के अनुसार 12 जून को आसना कुशवाहा के नाले में डूब जाने की सूचना मिलने पर पुलिस, प्रशासन, राहत एवं बचाव दल तथा ग्रामीणों द्वारा लगातार खोज अभियान चलाया गया था।

देर शाम तक बच्ची का कोई पता नहीं चल सका था, जिसके चलते परिजन और ग्रामीण पूरी रात चिंतित रहे। शनिवार सुबह पुनः शुरू किए गए खोज अभियान के दौरान लगभग 8 बजे बच्ची का शव नाले से बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद आसना के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पूरे बड़ागांव क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित रहे और परिजनों को सांत्वना देते रहे। ग्रामीणों ने रेलवे निर्माण कार्य के दौरान खोदे गए गहरे एवं खुले नालों के आसपास पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की है। उनका कहना है कि यदि सुरक्षा इंतजाम और चेतावनी संकेत लगाए गए होते तो इस प्रकार की दर्दनाक घटना को रोका जा सकता था। फिलहाल पुलिस एवं प्रशासन मामले की जांच में जुटा हुआ है।

# टौरिया मोहल्ला कांड के आरोपियों के घर बुल्डोजर चलाने की मांग को लेकर बाजार पूर्णतः रहा बंद

## एसडीएम ने ज्ञापन लेकर जांच कराकर कार्यवाही का दिया आश्वासन

छतरपुर।

टौरिया मोहल्ला कांड को लेकर व्यापारी एवं हिन्दू संगठनों की बीते रोज बैठक हुई थी जिसमें 13 जून को छतरपुर बंद रखने का आहवान किया गया था। इस आहवान पर आज शनिवार को बाजार पूरी तरह से बंद रहा और टौरिया मोहल्ला की हिंसक घटना को लेकर लोगों में आक्रोश देखा गया और आरोपियों के घर बुल्डोजर चलाने की मांग की गई। शनिवार को सुबह से ही भारी पुलिस बल चौक बाजार में पहुंच चुका था, एडीशनल एसपी आदित्य पटले, सीएसपी अरूण कुमार सोनी और तीनो थानो के टीआई सहित जिले के अन्य कई टीआई व भारी पुलिस बल तैनात रहा। दुकानदारों ने टौरिया मोहल्ला घटना के विरोध में बाजार बंद को पूरा समर्थन दिया और चौक बाजार में सभी व्यापारी एकत्र हुए और वहां सभा में परसराम शुक्ला, लालू लालवानी, अभिषेक ताम्रकार, कमल अग्रवाल,गिरजा पाटकर,सहित काफी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे और सभी ने एकजुट होकर ऐसे जिहादियों पर कार्यवाही की मांग की। दोपहर 1 बजे तक चौक बाजार में प्रदर्शन चलता रहा पहली बार व्यापारी संगठनों और हिन्दू संगठनों में एकजुटता देखी गई, वहीं



प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट रहा और चारों तरफ पुलिस की चौकशी रही वा पुलिस की गाडियां भ्रमण भी करती रहीं। पुलिस के अधिकारी जिसमें सीएसपी और बड़ामलहरा टीआई एक साथ गाड़ी में बैठकर नगर का भ्रमण कर कानून व्यवस्था का जायजा लेते रहे, तो वहीं कोतवाली टीआई सतीश सिंह और सिविल लाईन टीआई आशुतोष श्रोतिय चौक बाजार में पुलिस बल के साथ मोर्चा संभाले रहे। दोपहर 1 बजे के बाद एसडीएम प्रशांत अग्रवाल, सीएसपी के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और हिन्दू संगठनों का ज्ञापन लेकर अवगत कराया कि आरोपियों के मकानों की जांच कराकर कार्यवाही की जाए।

व्यापारी डालडे मातेले ने कहा कि प्रशासन ने टौरिया मोहल्ला कांड में कार्यवाही की है लेकिन अभी कुछ कसर बाकी है यदि आरोपियों के मकान नजूल में आ रहे है, तो उन्हें जल्द से जल्द बुल्डोजर से गिराया जाए। उन्होंने व्यापारियों की एकजुटता पर कहा कि व्यापारी अभी कमजोर नहीं है। उन्होंने कहा कि 7 दिन में यदि कार्यवाही नहीं हुई तो व्यापारी अनिश्चित कालीन बाजार बंद करेंगे जिसकी जबावदारी प्रशासन की होगी।

वहीं छतरपुर बाजार बंद के एक दिन पहले आरआई की टीम ने टौरिया मोहल्ला पहुंचकर पथराव कांड के आरोपी निसार खान के मकान क्रमांक 127/128 की नपती कर जांच की नपती के दौरान पाया गया कि यह दोनो भूखण्ड नजूल की भूमि पर बने हुए है। आरआई ने नपती करके पंचनामा भी तैयार किया। जिसमें पाया गया कि भूखण्ड क्रमांक 127 क्षेत्रफल 83 बर्गमीटर और भूखण्ड क्रमांक 128 क्षेत्रफल163 बर्गमीटर जो नजूल पंजी में नजूल सरकार मध्यप्रदेश वाली भूमि दर्ज है इन दोंनो भूखण्डों का सयुक्त क्षेत्रफल 246 बर्गमीटर है। जिसमें के अंश भाग 25/30 बर्गफीट एवं 20/35 बर्गफीट कुल 1450 बर्गफीट पर निसार खान एवं निज्जू खान के मकान बने हुए है जिनमें इनके परिवार निवास करते है।

## खबर संक्षेप

### भाइयों ने दंपती पर बरसाए लाठी-डंडे, पुलिस पर सुनवाई न करने का आरोप



**छतरपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुसमा में घरेलू विवाद के चलते एक दंपती के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट में घायल पति-पत्नी जिला अस्पताल में उपचाररत हैं। वहीं पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि घटना की शिकायत लेकर थाने पहुंचने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं की गई। जानकारी के अनुसार ग्राम कुसमा आरा मशीन के सामने निवासी प्रेमचंद्र साहू (40) ने बताया कि उनकी पत्नी रिंकी साहू (35) शनिवार सुबह करीब 8 बजे घर पर खाना बना रही थीं। इसी दौरान उनके भाई प्यारेलाल और कैलाश उर्फ बाबू घर पहुंचे और रिंकी से पैसों की मांग करने लगे। रिंकी द्वारा पैसे नहीं होने की बात कहने पर दोनों आरोपी कथित रूप से गाली-गलौज करने लगे। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और बाल पकड़कर घसीटा। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर घर में सो रहे प्रेमचंद्र बाहर आए और पत्नी के साथ मारपीट का कारण पूछा। इस पर आरोपियों ने प्रेमचंद्र के साथ भी लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे दोनों घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित दंपती ने बताया कि वे शिकायत लेकर महाराजपुर थाने पहुंचे थे, लेकिन वहां उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद दोनों बस से जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचे, जहां उनका उपचार जारी है।

### एनसीएल ने 'रिलेशनशिप मैनेजमेंट और इमोशनल वेल-बीइंग' पर कार्यशाला



आध्यात्मिक प्रशिक्षक, देवामीरा दास ने सिखाए स्वस्थ संबंधों के गुर

**सिंगरौली।** शुक्रवार को सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने "फाइट क्लीनः स्ट्रेंथनिंग द बॉन्ड्स दैट फ्री अस" विषय पर सीईटीआई परिसर, सिंगरौली में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आध्यात्मिक प्रशिक्षक, देवामीरा दास उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यस्थल और निजी जीवन में संतुलन बनाने हेतु पारस्परिक संबंधों की चुनौतियों और मानव मन पर उनके पड़ने वाले प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने घर और कार्यस्थल पर आने वाली विभिन्न चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक व्यावहारिक उपकरणों और जीवन-कौशलों के बारे में भी बताया। अंत में देवामीरा दास ने इस बात पर विशेष बल दिया कि आंतरिक जागरूकता, सीखने की ललक और सही आत्मिक सहयोग के माध्यम से ही आपसी संबंधों की जटिलताओं को गहराई से समझा जा सकता है। इस दौरान कार्यक्रम में एनसीएल की सभी परियोजना और इकाइयों से लगभग 73 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिक्रियात्मक आदतों, आत्म-नियमन (सेल्फ-रेगुलेशन) और सचेत होकर विवेकपूर्ण निर्णय लेने (कॉन्शियस रिस्पॉन्डिंग) के गुर सीखे।

### फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** जिले में फरार इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना दमोह देहात पुलिस ने एक फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक ए.आर. पांडे के मार्गदर्शन में चौकी नरसिंहगढ़ प्रभारी उपनिरीक्षक रोहित द्विवेदी एवं उनकी टीम ने थाना दमोह देहात के अपराध आर्म्स एक्ट के मामले में फरार चल रहे इनामी आरोपी कमलेश उर्फ भदू आदिवासी निवासी हदवानी को गिरफ्तार कर लिया।

# 63 लीटर अवैध शराब सहित दो तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त

चंदला।

अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चंदला पुलिस ने प्रभात गश्त के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए 63 लीटर अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। जब्त शराब एवं वाहन की कुल कीमत लगभग 80 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों के संग्रह, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना चंदला पुलिस को प्रभात गश्त के दौरान सरवई रोड पर अवैध शराब तस्करी की सूचना प्राप्त हुई। सूचना



पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और चंदला से सरवई की ओर जा रही एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर जांच की।

तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल पर रखी बोरियों से 7 पेटी अवैध शराब बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 63 लीटर पाई गई। पुलिस ने शराब के साथ तस्करी में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सचिन उर्फ वीरू पटेल निवासी ग्राम बेरी थाना चंदला तथा अनिरुद्ध उर्फ रवि पटेल निवासी ग्राम घूरा पुरवा थाना हिनौता के रूप में हुई है। दोनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी सचिन उर्फ वीरू पटेल पूर्व में मारपीट एवं एससी-एसटी एक्ट सहित तीन मामलों में संलिप्त रहा है।

# 2 साल पुराने दुष्कर्म मामले के दो फरार आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।** छतरपुर पुलिस द्वारा फरार अपराधियों की गिरफ्तारी और लंबित मामलों के निराकरण के लिए चलाए जा रहे जिला स्तरीय न्याय पथ अभियान के तहत थाना बक्सवाहा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने वर्ष 2024 के एक दुष्कर्म प्रकरण में पिछले दो वर्षों से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में चल रहे अभियान के दौरान थाना बक्सवाहा पुलिस ने विशेष कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी रमेश यादव पिता शोभरन यादव निवासी ग्राम पडरई, थाना छानबीला जिला सागर तथा मनोज यादव पिता माखन यादव निवासी ग्राम टपरियन, थाना बक्सवाहा जिला छतरपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी दुष्कर्म के एक प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे थे। लगातार प्रयासों और मुखबिर तंत्र की सहायता से पुलिस टीम ने आरोपियों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद विधिवत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। यह कार्रवाई एसडीओपी बड़ा मलहरा रोहित अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बक्सवाहा निरीक्षक जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में की गई। अभियान में आरक्षक राजकुमार, सतीश, भरत, संजय एवं अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# लाल मुंह के बंदरों का आतंक बना जानलेवा

**चंदला।** चंदला कस्बे में लाल मुंह के बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन हो रहे हमलों से नागरिकों में दहशत का माहौल है, वहीं प्रशासन और संबंधित विभागों की उदासीनता लोगों की चिंता को और बढ़ा रही है। ताजा घटना वार्ड क्रमांक 15 की है, जहां लाल मुंह के तीन बंदरों ने दो युवकों पर अचानक हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 15 निवासी नवाब अंसारी अपने मित्र अन्नू अहिरवार के साथ घर के पीछे बैठे हुए थे। इसी दौरान तीन लाल मुंह के बंदरों ने उन पर हमला बोल दिया। हमले में नवाब अंसारी के पैर में गंभीर चोट आई, जबकि अन्नू अहिरवार के दाहिने हाथ पर गहरे घाव हो गए। दोनों घायलों का उपचार कराया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। कस्बे में पिछले कई महीनों से बंदरों का आतंक बना हुआ है और कई लोग इनके हमलों का शिकार हो चुके हैं। कुछ दिन पहले पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष के भांजे पर भी बंदरों ने हमला कर उसे घायल कर दिया था। नागरिकों का आरोप है कि समस्या की शिकायत वन



विभाग से की जाती है तो विभाग यह कहकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है कि बंदर अब जंगल क्षेत्र में नहीं रहते और यह मामला नगर परिषद के अधिकार क्षेत्र का है। वहीं नगर परिषद की ओर से भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लगातार हो रहे हमलों के बाद लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बंदरों को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाए और कस्बेवासियों की सुरक्षा के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं।

# शिष्य मंडल धर्म के साथ समाज और मानवता की सेवा में तत्पर रहेः पं. धीरेंद्र शास्त्री

**छतरपुर।** बागेश्वर धाम में पहली बार देशभर के शिष्य मंडलों का विशाल सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न राज्यों से आए 210 शिष्य मंडलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य शिष्य मंडलों के बीच समन्वय बढ़ाना, सेवा कार्यों को सशक्त बनाना और आगामी धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों की रूपरेखा तय करना रहा।

सम्मेलन मे आए शिष्य मंडलों के प्रभारी एवं सह प्रभारी को आशीर्वचन देते हुए बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि शिष्य मंडल केवल धार्मिक गतिविधियों तक सीमित न रहें, बल्कि जहां भी समाज और मानवता की सेवा की आवश्यकता हो, वहां पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ आगे आएं। उन्होंने सेवा, संस्कार और संगठन को शिष्य मंडलों की सबसे बड़ी पहचान बताया। महाराज ने शिष्य मंडलों से बागेश्वर धाम के प्रमुख आयोजनों—कन्या विवाह महोत्सव, गुरु पूर्णिमा महोत्सव और गुरुदेव जन्मोत्सव में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि



इन आयोजनों की सफलता में शिष्य मंडलों का सहयोग महत्वपूर्ण रहेगा।

शिष्य मंडलों के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे पवन मिश्रा ने बताया कि सम्मेलन के दौरान विभिन्न शिष्य मंडलों के प्रभारी एवं सह-प्रभारियों ने महाराज जी से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और अपने-अपने क्षेत्रों में किए जा रहे सेवा एवं धार्मिक कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी चार जुलाई को बागेश्वर महाराज का जन्मोत्सव दिल्ली में आयोजित होगा जिसे सेवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। वहां भी सभी शिष्य मंडलों की विशेष भूमिका रहेगी। महाराज जी से सीधे संवाद और अपनी बात रखने का अवसर मिलने से शिष्य मंडलों के प्रतिनिधियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। पहली बार आयोजित इस सम्मेलन को शिष्य मंडलों के संगठनात्मक विस्तार और सेवा गतिविधियों को नई दिशा देने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिनिधियों ने समाजहित और धर्मसेवा के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# महर्षि विद्या मंदिर में तीन दिवसीय सीपीडी कार्यशाला सम्पन्न

## 21वीं सदी की शिक्षण तकनीकों से शिक्षकों को किया गया सशक्त

**छतरपुर। सीबीएसई के दिशा-निर्देशों एवं महर्षि शिक्षा संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मचारी गिरीश की प्रेरणा तथा डॉ. जे.पी. शर्मा के मार्गदर्शन में महर्षि विद्या मंदिर, देरी रोड में तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की सतत व्यावसायिक विकास विषयक इन-हाउस कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप अद्यतन करना तथा शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, रोचक और छात्र-केंद्रित बनाना था।**

कार्यशाला में महर्षि विद्या मंदिर देरी रोड, महर्षि विद्या मंदिर नौगांव एवं महर्षि विद्या मंदिर सारनी गेट के लगभग 93 शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को 21वीं सदी की शिक्षण तकनीकों, खेल-आधारित शिक्षण पद्धति, डिजिटल टूल्स एवं स्मार्ट क्लास के उपयोग, लर्निंग आउटकम आधारित मूल्यांकन तथा विद्यार्थियों की मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं को समझने संबंधी विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला में बापू डिग्री कॉलेज के इतिहास विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापक सी.पी.




गुप्ता ने मूल्य आधारित शिक्षा पर अपने विचार रखे। वहीं प्रोफेसर एच.सी. नायक ने शिक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं कम्प्यूटेशनल थिंकिंग के बढ़ते प्रभाव पर प्रशिक्षण दिया। इसके अलावा श्रीकांत तोलानी ने नई शिक्षा नीति-2020, गणेश सिंह ने शैक्षणिक अध्ययन योजना, पूजा सिंह भदौरिया ने योग, प्राणायाम एवं भावातीत ध्यान, शिवा सक्सेना ने भारतीय ज्ञान परंपरा तथा पूर्णिमा सक्सेना ने व्यावसायिक शिक्षा विषय पर शिक्षकों का मार्गदर्शन किया।

कार्यशाला के समापन अवसर पर प्रतिभागी शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों की दक्षता बढ़ाने के साथ विद्यार्थियों के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### लोन दिलाने के बहाने गरीब बुजुर्ग से धोखाधड़ी, मकान की रजिस्ट्री कराकर दी जान से मारने की धमकी के आरोप

**छतरपुर।** जिला अंतर्गत मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम बजरंगगढ़ (बूदौर) से धोखाधड़ी का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। यहाँ के निवासी एक अशिक्षित और गरीब बुजुर्ग किशोरीलाल सेन (54 वर्ष) ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि गांव के ही एक चालाक व्यक्ति राकेश यादव पिता मथुरा प्रसाद यादव ने उन्हें बैंक से होम लोन स्वीकृत कराने का झांसा दिया। इसी बहाने आरोपी ने बीते 21 अप्रैल 2026 को बुजुर्ग को धोखे में रखकर उप-पंजीयक कार्यालय छतरपुर में उनके पैतृक और पीएम आवास योजना के तहत बन रहे मकान का जबरन रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र निष्पादित करा लिया। पीड़ित को सौदे की एक भी चवन्नी नहीं दी गई।

धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब आरोपी मकान पर कब्जा करने पहुंचा। विरोध करने पर आरोपी राकेश यादव ने राजनीतिक रसूख और रिश्तेदारी की धौंस देते हुए पीड़ित को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने उन्हें और उनके बेटे पप्पू सेन सहित पूरे परिवार को रास्ते पर लाने और जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित बुजुर्ग ने एसपी कार्यालय में आवेदन देकर आरोपी के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज करने, कड़ी कानूनी कार्रवाई करने और अपने परिवार की जान-माल की सुरक्षा की मांग की है।

# श्री कृष्णा विश्वविद्यालय द्वारा मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर विगत 6 वर्षो से बारहवीं में साठ प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान करता आ रहा है इस वर्ष मेधावी छात्र सम्मान 2026 श्री कृष्णा विश्वविद्यालय परिसर में किया गया जिसमें विद्यार्थियों का सम्मान विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम, कुलसचिव डॉ. दिगंत द्विवेदी, डॉ. दिनेश बाबू गौतम, डॉ. विवेक प्रताप सिंह, डॉ. शिवेन्द्र सिंह परमार की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का प्रारम्भ मंचासीन अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कुलाधिपति डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुये अपने उद्धबोधन में कहा कि विद्यार्थी यह मुकाम कठिन परिश्रम से प्राप्त करता है। ऐसे विद्यार्थियों को सम्मानित करने से समाज व राष्ट्र का कल्याण होता हैं। मेधावी छात्र एवं छात्राओं को प्रोत्साहित करके समाज भावी पीढ़ी के बेहतर भविष्य का खाका तैयार कर सकता है। विद्यार्थी देश का वर्तमान और भविष्य होते है। इन्हें बेहतर शिक्षा देकर ही हम उन्नतिशील समाज का निर्माण कर सकते है। बेहतर माहौल देने के



उद्देश्य से समाज द्वारा मेधावी छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित और प्रोत्साहित किया जाना अति आवश्यक है। इससे एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा समाज में आएगी जो समाज को विश्व के मंच पर स्थापित करेगी। समाज की प्रतिभा को आगे बढ़ाने में इस तरह के मंच किसी भी विद्यार्थी के जीवन के लिए मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। सकारात्मक एवं अच्छी सोच के साथ परिश्रम करने पर सफलता की मंजिल तक पहुंचने से उन्हें कोई रोक नहीं सकता है।

मेधावी पुरस्कार सम्मान समारोह में छतरपुर शहर, राजनगर, बिजावर, नौगांव, बड़ामल्हरा, लवकुशनगर, टीकमगढ़ एवं ईशानगर ब्लॉक के 467 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एंव तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 5100रू., 2100रू. एवं 1100रू. राशि के साथ शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही मेधावी विद्यार्थियों के साथ आए उनके अभिभावकों का विश्वविद्यालय द्वारा सम्मान कर बधाई दी गई। इस दौरान विश्वविद्यालय द्वारा मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को विश्वविद्यालय आने-जाने के लिए बसों की व्यवस्था के साथ ही स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से डॉ. प्रणति चतुर्वेदी, डॉ. माधवशरण पाठक व सुमेधा राय तथा आभार मानव संसाधन प्रमुख डॉ. शिवेंद्र सिंह परमार ने व्यक्त किया।

# बाढ़ के लिए तैयार है रीवा, प्रभारी कलेक्टर ने वर्षा से पूर्व की जाने वाली तैयारियों की समीक्षा नगर निगम में स्थापित किया गया कंट्रोल रूम

**रीवा। शहर में बाढ़ आपदा एवं राहत कार्य के लिए जिला प्रशासन एवं नगर निगम रीवा की संयुक्त टीम का आदेश जारी कर दिया गया है। शहर क्षेत्र में बाढ़, अतिवृष्टि एवं जलभराव की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए नगर निगम का कंट्रोल रूम 24 घंटे, सातों दिन सक्रिय कर दिया गया है। बाढ़ आपदा से निपटने के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। प्रभारी कलेक्टर एवं निगम आयुक्त अक्षत जैन में शनिवार को जिला प्रशासन, नगर निगम एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में बाढ़ आपदा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली और इस संबंध में तत्काल प्रभाव से व्यापक आदेश जारी किया।**



आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत उन्होंने कहा कि रीवा शहर जो कि नदियों के बीच बसा शहर है बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है, यहां प्रभावी बाढ़ राहत नियंत्रण एवं आपदा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना अति-आवश्यक है। बैठक में वर्षा ऋतु के दौरान संभावित जलभराव, बाढ़ एवं आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए सभी विभागों की जिम्मेदारियां तय की गई है। सभी अधिकारी समन्वय के साथ दायित्वों को निर्वहन करेंगे। जारी आदेशानुसार अनुराग तिवारी, अनुविभागीय दंडाधिकारी हुजूर (मो.नं. 7000246881) को संपूर्ण व्यवस्था के सुचारु संचालन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अनुपम पाण्डेय, तहसीलदार (मो.नं. 7701079390) एवं प्रकाश द्विवेदी, उपायुक्त वित्त, नगर निगम रीवा (मो.नं. 9424314872) सहायक नोडल अधिकारी के रूप में दायित्व संभालेंगे। प्रभारी कलेक्टर ने इन अधिकारियों को निर्देश दिए कि मौसम विभाग से वर्षा पूर्वानुमानों पर सतत निगरानी रखें तथा आवश्यकता अनुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसके साथ ही नगर निगम रीवा कार्यालय में तत्काल प्रभाव से कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जो प्रतिदिन 24 घंटे संचालित रहेगा। नागरिक जलभराव, पेड़ गिरने, विद्युत बाधित होने तथा पशु बचाव एवं मृत पशु उठाव से संबंधित शिकायतों के लिए टोल फ्री नंबर 18008899711 तथा दूरभाष क्रमांक 07662-254568, 07662-320105, 07662-310346, 07662-320150 एवं 07662-320329 पर संपर्क कर सकते हैं। कंट्रोल रूम में तीन पारियों में चार-चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये कर्मचारी दूरभाष एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित फील्ड अधिकारियों को सूचित करेंगे। साथ ही पुलिस विभाग एवं जिला कंट्रोल रूम से आने वाली शिकायतों के लिए भी समन्वय स्थापित कर राहत एवं बचाव कार्य संपादित किया जाएगा। कंट्रोल रूम के समग्र संचालन की जिम्मेदारी श्री धीरज कुमार पाण्डेय, स्वच्छता निरीक्षक (मो.नं. 8839971461) को सौंपी गई है। शहर को चार जोन में विभाजित कर प्रत्येक जोन में वरिष्ठ कार्यपालन यंत्री एवं जोनल अधिकारियों के नेतृत्व में निगरानी दल तैनात किए गए हैं। जोन 1 की जिम्मेदारी श्री राजेश सिंह, कार्यपालन यंत्री/जोनल अधिकारी (मो.नं. 9425182514) को सौंपी गई है। जोन 2 में श्री एच.के. त्रिपाठी, कार्यपालन यंत्री (मो.नं. 9630760515) दायित्व संभालेंगे। जोन 3 एवं जोन 4 का दायित्व श्री सिद्धार्थ सिंह, कार्यपालन यंत्री/जोनल अधिकारी (मो.नं. 9453291033) को सौंपा गया है। प्रभारी कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लगातार वर्षा की स्थिति में जलभराव वाले क्षेत्रों में सुचारू जल निकासी का प्रबंधन करेंगे । साथ ही आपातकालीन स्थिति में नागरिकों को समय रहते सुरक्षित राहत केंद्रों तक पहुंचाने की व्यवस्था जोनल अधिकारी सुनिश्चित करें। आपदा एवं जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए संसाधनों को विकेंद्रीकृत किया गया है। जिससे संसाधन का पहुंच समय कम हो और समस्या का निदान समय पर हो सके। जलभराव प्रबंधन के लिए तीन स्थानों पर संसाधन तैनात किया गया है। जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम द्वारा जेसीबी मशीन, पंपिंग मशीन, ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की गई है। ट्रांसपोर्ट नगर बस यार्ड, नगर निगम मुख्य कार्यालय तथा जोन कार्यालय क्रमांक 4 चिरहुला कॉलोनी में दल एवं संसाधन तैनात रहेंगे, ताकि कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही इन्हें तत्काल प्रभावित क्षेत्रों में भेजा जा सके। आंधी तूफान में पेड़ गिरने एवं पशु प्रबंधन के लिए अलग दल की व्यवस्था है। वर्षा के दौरान पेड़ गिरने की घटनाओं पर नगर निगम एवं वन विभाग की संयुक्त टीमें त्वरित कार्यवाही करेंगी। इसके लिए पृथक दल गठित किया गया है जो श्री सुनील पटेल (मो.नं. 8349809689), श्री अशोक सौंधिया (मो.नं. 7067793177) एवं श्री सौरभ (मो.नं. 9340541169) की पारियों में चौबीसों घंटे सक्रिय रहेगा। शहर में पैच वर्क और सीवरेज एवं जल प्रदाय आदि क्षेत्रों में रेस्टोरेशन कार्य की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की गई है। सड़क, नाली मरम्मत, मलबा हटाना, सीवरेज रेस्टोरेशन, पेयजल आपूर्ति पुनर्स्थापना एवं विद्युत लाइन पुनर्स्थापना के लिए अलग-अलग उत्तरदायी दल एवं समन्वयकर्ता नामित किए गए हैं। प्रभारी कलेक्टर ने सीवर एवं वाटर लाइन कार्यों से जुड़ी टीमों को रोड रेस्टोरेशन को प्राथमिकता देने तथा वर्षाकाल में सड़कों पर बनने वाले गड्ढों की तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए।विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायतों के शीघ्र निराकरण के लिए श्री अभिनव चतुर्वेदी, सहायक यंत्री एवं एमपीईबी/विद्युत शाखा नगर पालिका निगम को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गएप्रभारी कलेक्टर ने चिन्हित किए गए 19 राहत केंद्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए। सभी नोडल अधिकारियों सोमवार तक निरीक्षण के निर्देश देते हुए चाक चौबंद व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करने को कहा। बाढ़ प्रभावित नागरिकों को सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने हेतु 19 राहत केंद्र चिन्हित बाढ़ प्रभावित नागरिकों को सुरक्षित पहुंचाने के लिए शहर में 19 राहत केंद्र चिन्हित किए गए हैं जिनमें सिलपरा स्कूल, मूकबधिर विद्यालय, जगन्नाथजी मंदिर, मंगल भवन गुढ़ चौराहा, ए.जी. कॉलेज, आयुर्वेद कालेज एवं सरस्वती शिशु मंदिर निराला नगर सहित अनेक स्थान सम्मिलित हैं। प्रत्येक राहत केंद्र के लिए नोडल एवं सहायक अधिकारी नामित किए गए हैं।खाद्य पैकेट एवं आवश्यक सामग्री के संग्रहण एवं वितरण की जिम्मेदारी सिटी मिशन मैनेजर अभिमन्यु सिंह सेंगर (मो.नं. 9039213456) एवं श्रीमती प्रीती रोचलानी (मो.नं. 9109124565) को सौंपी गई है। बैठक के समापन पर प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ राहत एवं बचाव कार्य संपादित करें। नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और वर्षाकाल में किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है।



# तेरहवीं से पहले घर पहुंची मौत की खबर, लापता युवक का बावली में मिला शव

**रीवा।** जिले के मनिकवार चौकी क्षेत्र अंतर्गत अमिलिहा गांव में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव स्थित एक बावली में युवक का शव पानी में तैरता हुआ दिखाई दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना मनिकवार चौकी पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की सहायता से शव को बावली से बाहर निकलवाया।पुलिस जांच के दौरान मृतक की पहचान सागर अग्निहोत्री (25) पिता बालेंद्र शेखर अग्निहोत्री निवासी ग्राम दुआरी, थाना गुढ़ के रूप में हुई। युवक की पहचान होने के बाद घटना की सूचना परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य और रिश्तेदार घटनास्थल पहुंच गए, जानकारी के अनुसार सागर अग्निहोत्री गुरुवार से अपने घर से बिना किसी को बताए लापता था। परिजन उसकी तलाश में जुटे हुए थे और विभिन्न संभावित स्थानों पर खोजबीन कर रहे थे। इसी बीच शनिवार सुबह अमिलिहा गांव की बावली में उसका शव मिलने की खबर ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। बताया जा रहा है कि परिवार पहले से ही शोक के दौर से गुजर रहा था। घर में किसी परिजन के निधन के बाद शनिवार को तेरहवीं संस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया जाना था। परिजन उसी की तैयारियों में लगे हुए थे, तभी सागर की मौत की दुखद सूचना पहुंच गई। एक ही परिवार में लगातार दूसरी दुखद घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया। तेरहवीं के दिन घर में खुशहाली लौटने की उम्मीद लगाए बैठे परिजनों पर मानो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।मनिकवार चौकी प्रभारी राजेंद्र द्विवेदी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची थी। शव को बावली से बाहर निकलवाकर आवश्यक कार्रवाई की गई। पंचनामा तैयार करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है और युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

# महसांव सड़क हादसाः बेकाबू कार ने गाय, बाइक और मकान को रौंदा, दो छात्र गंभीर घायल

**रीवा।** रीवा-सीधी राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार की सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना में तेज रफ्तार कार ने कहर बरपा दिया। गुढ़ थाना क्षेत्र के महसांव रेडियो स्टेशन के समीप अनियंत्रित हुई कार ने पहले एक गाय को कुचल दिया, फिर मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे स्थित एक कच्चे मकान में जा घुसी। हादसे में जहां गाय की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं बाइक सवार दो परीक्षार्थी गंभीर रूप से घायल हो गए। कार की टक्कर से मकान पूरी तरह धराशायी हो गया तथा वहां खड़ा ई-रिक्शा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि मकान के भीतर सो रहा परिवार बाल-बाल बच गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार शनिवार तड़के करीब तीन बजे रीवा से सीधी की ओर जा रही एक कार तेज गति से राष्ट्रीय राजमार्ग पर दौड़ रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार अचानक बेकाबू हो गई। सबसे पहले कार ने सड़क किनारे मौजूद एक गाय को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। गाय को टक्कर मारने के बाद भी कार की रफ्तार कम नहीं हुई और कुछ ही दूरी पर सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक भोपाल से सीधी परीक्षा देने जा रहे थे। अचानक हुई टक्कर से बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। बाइक को टक्कर मारने के बाद भी कार नहीं रुकी और सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे बने दिनेश केवट के कच्चे मकान में जा घुसी। कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि मकान की दीवारें भरभराकर गिर गईं और पूरा घर मलबे में तब्दील हो गया। मकान के पास खड़ा ई-रिक्शा भी मलबे के नीचे दबकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के समय दिनेश केवट और उनका परिवार घर के अंदर गहरी नींद में सो रहा था। अचानक जोरदार धमाके और दीवार गिरने की आवाज सुनकर परिवार के सदस्य घबराकर बाहर भागे। सौभाग्यवश कार मकान के उस हिस्से में नहीं घुसी जहां परिवार के लोग सो रहे थे। यदि कार कुछ फीट और अंदर चली जाती तो बड़ा जानलेवा हादसा हो सकता था। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर गुढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने के साथ दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाने की कार्रवाई की। इस हादसे में एक ओर जहां दो युवकों का भविष्य दांव पर लग गया, वहीं दूसरी ओर एक गरीब परिवार का आशियाना भी उजड़ गया।



# शासकीय भूमि के साथ नहर, नदी, तालाब, नालों में भी अवैध कब्जा

**रीवा।** प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली के चलते शहर की अधिकांश शासकीय भूमि अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुकी है, जो भूमि बची है अतिक्रमण करने वाले उसे भी नहीं छोड़ रहे। शासकीय भूमि पर अतिक्रामकों की नजर है। अब वे नहर के ओवर फ्लो को भी छोड़ रहे। नदी, तालाब के ग्रीन बेल्ट में, तो कोई नाले में ही कब्जा कर रहा है। कई बार प्रशासन को चेताने के बाद भी शासकीय भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाए जा रहे, जिससे दिन-प्रतिदिन शहर में अतिक्रमणकारियों मनमानी बढ़ती जा रही है। रतहरा क्षेत्र में स्थित बाणसागर नहर के ओवर फ्लो में मिट्टी का भराव कर यहां प्लाटिंग काटे जाने की तैयारी जा रही है, काफी मात्रा में ओवर फ्लो के दूसरे हिस्से में मिट्टी का भराव किया जा चुका है, कुछ समय और ध्यान नहीं दिया गया तो यहां पूरी तरह से मिट्टी का भराव कर नहर के ओवर फ्लो बंद हो जाएगा, जिससे नहर पर पानी का दबाव बढ़ने से नहर फूट भी सकती है। आसपास के लोगों की मानें तो जिस ओर नहर का ओवर फ्लो बनाया गया है वहां कभी नाला था, किन्तु अवैध कब्जा करने वालों ने नाले को नक्शे से नदारद ही कर दिया। जिस पर जिम्मेदार मौन साधे हैं, नहर बंद करने वालों द्वारा लोगों की जान के साथ ही नहर के लिए भी खतरा पैदा किया जा रहा है।

# विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



रीवा ।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार श्रवण एवं वाक बाधित व्यक्तियों के विधिक अधिकारों, उपलब्ध कल्याणकारी योजनाओं तथा विधिक सेवाओं के संबंध में जागरूकता प्रदान करने के उद्देश्य से विधिक साक्षरता एवं जनजागरूकता अभियान ₹अनुगूंज₹ का ई-आयोजन किया गया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय एवं संरक्षक प्रमुख मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एडीआर भवन, रीवा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राकेश मोहन प्रधान तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्रा की उपस्थिति रही। जिसमें श्रवण एवं वाक बधिक व्यक्तियों के अधिकारों, न्याय तक उनकी समान पहुंच तथा शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित श्रवण एवं वाक बाधित एवं उनके परिजनों को निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता, शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उनके संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई साथ ही इन्टरकेक्शन सेशन में उनकी समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण हेतु आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा, सांकेतिक भाषा के व्याख्याकार केके शर्मा, सामाजिक न्याय विभाग से उपस्थित संबंधित अधिकारीगण एवं विंध्य वधिर संगठन के सचिव व सदस्यगण, समग्र चेतना विकास परिषद के संचालक सुमित सिंह उपस्थित रहें।

# चॉकलेट का लालच देकर 8 वर्षीय मासूम का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार, पार्क में बच्चों के साथ खेलने के दौरान लापता हुई थी मासूम



**रीवा।** शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में तकरीबन एक सप्ताह पूर्व पार्क में खेल रही 8 वर्षी मासूम बच्ची के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जिसे न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है मामले के संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय थाना प्रभारी हितेंद्र नाथ शर्मा ने बताया कि बीते 3 जून को थाना क्षेत्र के मंगलम पार्क में एक 8 वर्षीय मासूम बच्ची अपने दोस्तों के साथ खेल रही थी, इसी दौरान एक अज्ञात युवक बाइक से आया और बच्ची को चॉकलेट देने के बहाने बाइक में बिठाकर ले गया, बच्ची जब काफी देर तक नजर नहीं आई तो उसके परिजनों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस बच्ची को तलाश कर ही रही थी कि इसी दौरान तकरीबन डेढ़ घंटे बाद बच्ची घर आ गई जिसके बाद उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी,पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अपहरण का मामला दर्ज कर आरोपी की पता तलाश शुरू की बच्ची के बताएं होलिए और मुखबिर तंत्र के माध्यम से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान सर्वेश निखिल द्विवेदी उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम लूक थाना जावा जिला रीवा के रूप में की गई, जिसके बाद आरोपी को पड़कर कर थाने लाया गया और पूछताछ की गई तो उसने अपहरण कर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देना कबूल कर लिया, पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# सुधार न्यास कॉलोनी नेहरू नगर स्थित जर्जर दो आवासीय घरों की मंडी बोर्ड को परवाह नहीं : अजय खरे लंबे समय से खाली पड़े घरों का दुरुपयोग कर सकते हैं असामाजिक तत्व



**रीवा ।** रीवा सुधार न्यास के द्वारा आवासीय योजना अंतर्गत करीब 30 साल पहले नेहरू नगर रीवा में बनाई गई एचआईजी कॉलोनी के कुछ आवासीय घरों को रीवा मंडी बोर्ड के द्वारा अपने कर्मचारियों को आवासीय सुविधा देने के लिए खरीदा गया था। नेहरूनगर वार्ड नंबर 13 में बरसात के समय जल भराव की स्थिति के चलते इन घरों में रहने वालों को भी परेशानी थी। करीब 10 साल से यहां के दो घर खाली पड़े हुए हैं। बताया जाता है कि मंडी बोर्ड करहिया रीवा के द्वारा इन घरों को आवासीय दृष्टि से रहने लायक नहीं माना है। लंबे समय से देखरेख के अभाव में दोनों घर काफी जर्जर हालत में है। अक्सर देखने को मिलता है कि सुबह दोपहर कबाड़ियों का यहां आना जाना रहता है। इन दो घरों में से एक का बाहरी गेट खुला रहता है। इन घरों के लिए खाली घर भूतों का डेरा वाली कहावत सुनने को मिलती है। असामाजिक तत्व भी गैर कानूनी गतिविधियों के लिए इन खाली घरों का दुरुपयोग कर सकते हैं। बताया जाता है कि ये दोनों आवासीय घर डिप्टी डायरेक्टर मंडी बोर्ड के अधिकार क्षेत्र में हैं। समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहां है कि इन दोनों आवासीय घरों की उचित मरम्मत कराकर इन्हें संबंधित कर्मचारियों को आवंटित किया जाए। इससे मोहल्ले का वातावरण भी अच्छा होगा।

# रीवा की कल्पना के सपनों की उड़ान हुई साकार अब संभालेंगी ट्रेन की कमान

**रीवा।** विंध्य अंचल की बेटी कल्पना प्रजापति ने संघर्ष, मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर सफलता की नई मिसाल कायम की है। बेहद गरीबी और विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए 23 वर्षीय कल्पना का चयन भारतीय रेलवे में असिस्टेंट लोको पायलट (**ALP**) पद के लिए हुआ है। अब वह रेलवे में ट्रेन संचालन की जिम्मेदारी निभाएंगी।रीवा से करीब 10 किलोमीटर दूर बहुरीबांध गांव की रहने वाली कल्पना का जीवन शुरू से ही संघर्षों से भरा रहा। वर्ष 2003 में जन्म के समय ही उनकी मां का निधन हो गया था। इसके बाद उनकी परवरिश दादी ललैया प्रजापति ने की। दादी ने उन्हें मां का पूरा स्नेह दिया और हर कदम पर साथ निभाया।कल्पना के जीवन में मुश्किलें यहीं खत्म नहीं हुईं। वर्ष 2024 में ट्रेनिंग ऑफिसर (**TO**) पद की परीक्षा से ठीक दो दिन पहले उनके पिता गोधन लाल प्रजापति की करंट लगने से मौत हो गई। इस दुखद घटना के कारण वह परीक्षा में शामिल नहीं हो सकीं। लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ती रहीं।पिता के निधन के बाद कल्पना ने लाइब्रेरी में काम करते हुए अपनी पढ़ाई जारी रखी। इस कठिन दौर में उनकी दादी, दूसरी मां, चाचा-चाची और दोनों मामाओं ने पूरा सहयोग दिया। बाद में उन्होंने रीवा के शासकीय आईटीआई में प्रवेश लिया, जहां ट्रेनिंग ऑफिसर नरेंद्र द्विवेदी के मार्गदर्शन ने भी उन्हें आगे बढ़ने में मदद की।लगातार मेहनत और परिवार के सहयोग से आखिरकार कल्पना ने भारतीय रेलवे में असिस्टेंट लोको पायलट पद पर चयनित होकर अपने सपनों को साकार कर दिखाया। उनकी सफलता आज उन युवाओं के लिए प्रेरणा है जो कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने लक्ष्य को पाने का सपना देखते हैं।कल्पना की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे विंध्य क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है।1

# संभागीय प्रेक्षक ने मतदाता सूची के अंतर को समाप्त करने पर दिया जोर



**मऊगंज।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त संभागीय प्रेक्षक श्री ए.के. सिंह (सेवानिवृत्त भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन नामावली वर्ष 2026 के तहत पंचायत तथा नगरपालिकाओं की मतदाता सूचियों में दर्ज मतदाताओं के अंतर के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रेक्षक श्री सिंह ने जिले की विधानसभा निर्वाचक नामावली तथा पंचायत एवं नगरपालिकाओं की प्रारूप मतदाता सूचियों के तुलनात्मक परीक्षण की समीक्षा करते हुए कहा कि दोनों सूचियों में पाए गए अंतर को प्राथमिकता के आधार पर समाप्त करने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि पंचायत एवं नगरपालिकाओं की मतदाता सूचियों में अधिक दर्ज मतदाताओं का गहन पुनरीक्षण एवं सत्यापन कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि सभी मतदाता सूचियां अद्यतन एवं त्रुटिरहित बन सकें। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में संभागीय प्रेक्षक ने कहा कि ग्राम पंचायतों एवं नगरपालिकाओं में उपलब्ध मृत्यु प्रमाण-पत्रों के आधार पर मृतक मतदाताओं के नाम नियमानुसार मतदाता सूची से विलोपित किए जाएं। जिन मामलों में मृत्यु प्रमाण-पत्र उपलब्ध न हो, वहां निर्धारित प्रक्रिया के तहत पंचनामा तैयार कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों की शुद्धता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिये समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण किया जाना आवश्यक है। एएसडीआर सूची सभी निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के पास उपलब्ध है। इस सूची का पंचायत एवं नगरपालिका मतदाता सूचियों से मिलान कर दर्ज मतदाताओं का गहन सत्यापन कराया जाए तथा अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतक एवं दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की पहचान कर उनके नाम नियमानुसार विलोपित किए जाएं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) एवं अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर रजिस्ट्रीकरण तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे।

# नदहा कला मे आरबीआई अधिकारी की विशेष उपस्थिति में वित्तीय साक्षरता का हुआ आयोजन

**मऊगंज।** जिले की शासकीय प्राथमिक पाठशाला नदहा कला के प्रधानाध्यापक रमाशंकर कोल द्वारा वित्तीय साक्षरता का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि एलडीओ आरबीआई भोपाल तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता एलडीएम मऊगंज ज्योत्सना अग्रवाल ने किया वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता (आरोह फाउंडेशन )संतोष कुमार मिश्र रहे सर्वप्रथम कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री मिश्र ने उपस्थित अधिकारियों का अभिवादन किया तत्पश्चात सरकार द्वारा संचालित बैंकिंग योजनाओं के बारे में चर्चा की जैसे की हर किसी का बैंक में खाता खुला है उसे हम लोगों को कई लाभ प्राप्त हो रहे हैं जैसे पैसे की बचत भी हो रही है पैसा हमारा सुरक्षित भी है और कुछ ना कुछ ब्याज के रूप में भी मिलती है और उसके साथ-साथ जितनी भी शासकीय योजनाएं हैं बैंक के माध्यम से ही लाभ मिलते हैं इसलिए बैंक में खाता होना बहुत आवश्यक है अधिकतर लोगों के बैंक में खाते खुले हुए हैं परंतु केवाईसी और नॉमिनी ना होने की वजह से लोगों का खाता बंद हो जाता है और लोग अनावश्यक परेशान होते हैं इसलिए समय रहते अपने बैंक में जाकर अपनी केवाईसी चेक कर लें यदि नहीं हुई है तो तत्काल कर लें और उसके साथ-साथ अपने खाते में नॉमिनी का फॉर्म अवश्य भर दें क्योंकि जब खाता धारक नहीं रहते तो परिवार को पैसा लेने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इसलिए समय रहते आवेदन कर दें ताकि बाद में कोई परेशानी ना हो इसी तरह से खाते में मोबाइल नंबर लिंक ना होने की वजह से खाते की समय-समय पर जानकारी नहीं मिल पाती है इसलिए सभी लोग अपना मोबाइल नंबर अपने खाता से लिंक कर दें ताकि आपका पैसा आने एवं निकालने की जानकारी मैसेज के माध्यम से समय-समय पर मिलती रहे इसके साथ-साथ को कई अन्य शासकीय योजनाएं हैं जिनको कि आप बैंक के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं जैसे की सरकार द्वारा जन सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा और अटल पेंशन योजना की व्यवस्था आप लोगों के लिए की गई है



बीमा परिवार के लिए होती है जैसे कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा जिसमें साल भर में मात्र 20 लगते हैं और 200000 का दुर्घटना होता है यदि आप आवेदक का कहीं एक्सीडेंट होता है और अपंग हो जाते हैं परंतु जान बची रहती है ऐसी स्थिति में एक लाख रुपये परंतु यदि मृत्यु हो गई तो नामिनी को दो लाख मिलती है जो की एक गरीब परिवार के लिए बहुत बड़ी रकम इसलिए समय रहते बैंक में जरूर आवेदन कर दें अटल पेंशन योजना बुढ़ापे की लाठी कही जाती है जब शरीर नहीं चलता तो 60 वर्ष के बाद पेंशन के रूप में मिलती है पहले आवेदक को और फिर नॉमिनी को और दोनों लोगों की मृत्यु के पश्चात बच्चों को 850000 नगद राशि बैंक के माध्यम से मिलती है जो की बहुत बड़ी रकम है आरबीआई अधिकारी श्री शर्मा जी ने कहा की जो भी योजनाएं बताई गई हैं वह आप लोगों के हित के लिए परंतु यदि आपको बैंक में कोई दिक्कत आती है तो आरबीआई का टोल फ्री नंबर है उसको नोट कर ले और आप अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं क्योंकि हर पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का हर हालत में लाभ मिलना चाहिए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही एलडीएम मऊगंज श्रीमती अग्रवाल ने कहा की जो भी योजनाएं बताई गई हैं उनका हर हालत में लाभ ले उसके साथ-साथ आपके बच्चों के लिए बैंक के माध्यम से एजुकेशन लोन की व्यवस्था की गई है जिन छात्र एवं छात्राओं का कक्षा 12 में 85 प्रतिशत से ऊपर रिजल्ट है और उनके पास कोई नौकरी और जमीन नहीं है ऐसे छात्र एवं छात्राओं को बिना गारंटी के चार लाख 50000 एजुकेशन लोन दिए जाते हैं आप सभी से विशेष आग्रह है कि बैंक से जुड़कर शासकीय योजनाओं का लाभ ले और यदि बैंक से संबंधित कोई भी दिक्कत होती है तो मुझे लिखित में आवेदन करें क्योंकि बैंक आपका है और उसका लाभ आप सभी को समय-समय पर मिलते रहना चाहिए कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय परिसर में अधिकारियों द्वारा एक पेड मां के नाम लगाया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमाशंकर कोल ग्राम पंचायत छिउरिहा के सचिव राजीव सिंह रोजगार सहायक आशीष कुमार मिश्रा आशा सुपरवाइजर सुरजीत कला शुक्ला आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता तिवारी सविता शुक्ला मंजू देवी साकेत सीता देवी साकेत सोनू देवी कोरी अनीता साकेत शीला पांडे सरोज देवी कोल आशा कार्यकर्ता रेखा देवी वर्मा गीता मिश्रा कविता तिवारी विद्यावती पांडे प्रभा पांडे गांव के वरिष्ठ नागरिक संकर्षण प्रसाद शुक्ला राजेश त्रिपाठी रजीत मिश्रा संजय मिश्रा रामायण मिश्रा सोनिया कोल प्रेम सागर शहित अन्य हितग्राही उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमाशंकर कोल द्वारा विद्यालय में उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों एवं गांव की जनता का आभार प्रकट किया